बिहार सरकार
खेल विभाग

ज्ञापांक–5/खे०उ० 5–01/2024 (खंड) ...410.../ पटना, दिनांक–12.10./2026

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार (ले. एवं ह.),
वीरचन्द पटेल पथ,
पटना।

विषय :– मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अन्तर्गत बिहार सचिवालय स्पोर्ट्स फाउंडेशन, पटना में जिमनाजियम प्रभाग हेतु जिम अधिष्ठापन के लिए **कुल राशि ₹6,00,000/–**(छः लाख) रूपये मात्र की स्वीकृति।

आदेश :– स्वीकृत।

2. राशि का विकलन वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में मांग संख्या–52 के अधीन बजट शीर्ष "2204 – खेलकूद तथा युवा सेवाएँ–104–खेल–कूद–0109– खेल कूद" विपत्र कोड–52–2204001040109 के अन्तर्गत विषय शीर्ष 5201–मशीनें एवं उपस्कर– कार्यालय मद से होगा।
3. इस राशि की निकासी अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, खेल विभाग, पटना द्वारा सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से की जायेगी तथा निकासी के उपरांत उक्त राशि को सचिव, बिहार सचिवालय स्पोर्ट्स फाउंडेशन, पटना के भारतीय स्टेट बैंक के खाता संख्या–41121909648, IFSC-SBIN0000153 में अंतरित किया जायेगा
4. खेल विभाग द्वारा खेल उपकरण/सामग्रियों, मल्टीजिम एवं ओपन जिम का अधिष्ठापन योजना ज्ञापांक–1657, दिनांक–24.10.2024 के आलोक में क्रय/ अधिष्ठापन सुनिश्चित किया जाय।
5. "खेल विभाग, बिहार के सौजन्य से" संबंधित बोर्ड खेल उपकरण अधिष्ठापन स्थल पर लगाया जाना सुनिश्चित किया जाय।
6. स्वीकृत राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन ससमय खेल विभाग को विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराया जायेगा।
7. राशि की स्वीकृति संचिका संख्या–5/खे०उ० 5–01/2024 (खंड) के टिप्पणी भाग के पृष्ठ 33/टि० पर सा० आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति एवं पृष्ठ 35/टि० पर सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।
8. यह स्वीकृति वित्त विभाग के संकल्प सं०–12888, दिनांक–03.12.2024 में निहित प्रावधान के आलोक में दी गयी है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

12/10/26
(निरंजन कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–...410.../ पटना, दिनांक..12.10../2026

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सचिव के आप्त सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग–सह–सचिव, बिहार सचिवालय स्पोर्ट्स फाउन्डेशन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक (खेल), खेल विभाग, बिहार, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी–02 एवं 05/लेखा शाखा (दो प्रतियों में)/बजट सहायक/आई.टी. मैनेजर (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु), खेल विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/10/26
सरकार के संयुक्त सचिव।